IIMA PRESS RELEASE 2013-14

Announcement of appointment – Director, IIMA

IIMA, August 13, 2013: Indian Institute of Management, Ahmedabad (IIMA) is pleased to announce the appointment of Professor Ashish Nanda as Director, IIMA, who would be assuming charge on September 02, 2013. He would be visiting Campus for a few days from August 15, 2013 for acquainting himself and meeting faculty & staff.

An alumnus of 1983 batch of IIMA, Prof. Nanda is a Robert Braucher Professor of Practice at Harvard Law School. He is a Gold Medalist from both, IIT - Delhi and IIM - Ahmedabad. He completed his M.A. in Economics and Ph.D. from Harvard University and has been teaching courses in Harvard Business School and Harvard Law School. He is faculty director of Executive Education and research director at Program on the Legal Profession at Harvard Law School.

While appointing Prof. Nanda as the Director, Mr. A.M. Naik, Chairman, Board of Governors and Society adds "IIMA is the premier management institute in India with global recognition. It has great legacy, and its students, faculty and staff form the backbone of this outstanding Institute. Prof. Nanda, an alumnus with an impeccable academic records, with decades of experience in leading international schools, brings in a right mix of international experience and familiarity with IIMA. With the appointment of Prof. Nanda as the Director, I am sure, the Institute will grow from strength to strength and chart new territories."

आईआईएमए प्रेस विज्ञप्ति 2013-14

आईआईएमए, निदेशक - नियुक्ति की घोषणा

आईआईएमए, 13 अगस्त, 2013 : भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) को यह घोषित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आईआईएमए के निदेशक के रूप में प्रोफ़ेसर आशीष नंदा नियुक्त हुए हैं, जो 02 सितम्बर, 2013 को पदभार ग्रहण करेंगे। ये 15 अगस्त, 2013 से संकायों एवं कार्मिकों से परिचित होने एवं मिलने के लिए कैम्पस का दौरा करेंगे।

आईआईएमए के 1983 बैच के पूर्वछात्र प्रोफ़ेसर नंदा हार्वर्ड लॉ स्कूल में *रॉबर्ट ब्रोशर प्रोफ़ेसर ऑफ़ प्रैक्टिस* के रूप में नियुक्त हैं। ये आईआईटी-दिल्ली और आईआईएम-अहमदाबाद दोनों में स्वर्णपदक विजेता रह चुके हैं। इन्होंने अर्थशास्त्र में एम.ए. करके हार्वर्ड युनिवर्सिटी से पीएच.डी. किया है और हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल एवं हार्वर्ड लॉ स्कूल में शिक्षा दे रहे हैं। ये हार्वर्ड लॉ स्कूल में कार्यकारी शिक्षा के संकाय निदेशक और न्यायिक व्यवसाय कार्यक्रम के अनुसंधान निदेशक हैं।

श्री ए.एम. नायक, अध्यक्ष-शासी निकाय एवं सोसाइटी, ने प्रोफ़ेसर नंदा को नियुक्त करते हुए बताया कि, "आईआईएमए विश्वप्रसिद्ध होने के साथ साथ भारत का प्रमुख प्रबंधन संस्थान है। इसके साथ शानदार विरासत जुड़ी हुई है, और इसके छात्र, संकाय एवं कर्मचारी इस संस्थान की उत्कृष्टता के लिए रीढ़ के समान हैं। प्रोफ़ेसर नंदा एक शानदार अकादमिक रिकॉर्ड रखने वाले पूर्वछात्र, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय स्कूलों में दशकों के अपने अनुभव के साथ अब आईआईएमए में अपनी परिचितता तथा अंतरराष्ट्रीय अनुभवों का मिश्रण लेकर आ रहे हैं। निदेशक के रूप में प्रोफ़ेसर नंदा की नियुक्ति के साथ, मुझे विश्वास है कि संस्थान की क्षमता अधिक सुदृढ़ होगी और नये क्षेत्र आकार में आएँगे।"